O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA

Phone: 07762-227042, 299255, JSP ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

PRACTICE PAPER (PT-4) 2023-24

Subject- Hindi **Class - IV**
Time- 180 Minutes **MM – 80**
Name of the student ___________________________ **Section -**

निर्देश

1- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं ।

2 – सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

3 –प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सुंदर एवं स्पष्ट अक्षरों में उत्तर लिखिए।

खंड – अ

प्रश्न **1 –** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (4)

किसी गाँव में एक किसान रहता था। उसके चार बेटे थे।वह बड़े आलसी और कामचोर भी थे। उसको रात दिन अपने बेटों की चिंता सताती रहती थी। इसी चिंता में वह बहुत बीमार पड़ गया। उसने अपने चारों बेटों को अपने पास बुलाया। उसने उन्हें परिश्रम का महत्व बताया।

मरते समय उसने अपने बेटों को कहा, मेरा सारा धन खेतों में दबा है। यह कहकर वह परलोक सिधार गया। धन तो सबको चाहिए था। खेतों में धान की खोज की गई। आलसी पुत्रों ने पूरा खेत खोद डाला, पर उन्हें धन नहीं मिला। उन्हें बड़ी निराशा हुई। किसी के कहने पर उन्होंने खोदे खेत में अनाज बोया । खूब फसल हुई और उस फसल से उन्हें बहुत सारा धन प्राप्त हुआ।

क . गाँव में रहता था –

1. किसान
2. लोहार
3. सुनार
4. कुम्हार

ख. किसान के कितने बेटे थे?

1.चार

2.दो

3.तीन

4. पाँच

ग. किसान ने बेटों को बताया-

1- महत्व घर का महत्व

2- धन का महत्व विद्या का

3- परिश्रम का महत्व

4- घर का महत्व

घ- किसान का सारा धन कहाँ दबा हुआ था-

1. खेतों में
2. बगीचे में
3. घर में
4. जंगल में

प्रश्न 2– निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (4)

मौसम आज पतंगों का है,
नभ में राज पतंगों का है।
इंद्रधनुष के रंगों का है।
मौसम नई उमंगों का है।
निकले सब ले डोर-पतंगें,
उड़ा रहे कर शोर पतंगें।
देखो चारों ओर पतंगें।

(क) कौन-सा मौसम आया है?

(i) वसंत

(ii) पतंगों का

(iii) पंद्रह अगस्त

(iv) वर्षा

ख) आकाश में किन रंगों की पतंग है?

(i) लाल, पीली, नीली

(ii) सात रंगों की

(iii) सभी रंगों की

(iv) हरी, नीली

(ग) सबके हृदय में कैसा भाव है?

(i) प्रसन्नता

(ii) उत्सव मनाने का

(iii) जीत

(iv) पतंग उड़ाने की चाह

(घ) पद्यांश का उचित शीर्षक है-

(i) पतंगें

(ii) पतंगों का मौसम

(iii) इंद्रधनुष के रंग

(iv) नई उमंगें

खंड – ब

प्रश्न 3- एक शब्द में उत्तर दीजिए –. (2)

क- संन्यासी ने पहले दिन कितने रुपए भिक्षा में मांगे?

ख- कौन कविता की रचयिता का नाम लिखिए ?

प्रश्न 4- खाली स्थान भरिए – (2)

क- गांधी जी नमक आंदोलन के लिए..................... यात्रा पर गए ।

ख- धनी की दोस्त का नाम........................था ।

प्रश्न 5- किसने- किससे कहा ? (4)

क - “इस तरह का सवाल नहीं पूछना चाहिए

फ़रीदा !अच्छा नहीं लगता !"

ख- " हाँ। पैसे तो खर्च करने पड़ेंगे।"

प्रश्न 6 – सही जोड़ी मिलाइए (2)

सुलेमान	सोने की कलगी		
हुदहुद	नहरनी		
हजमिन	3 से 10 अंडे		
मादा हुदहुद	बादशाह		

प्रश्न 7- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताएं उन्हें...................... कहते हैं (2)

प्रश्न 8- क्रिया का सही रूप भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए – (2)

क - मुझे भूख ....। (लगना)

ख- माताजी ने कपड़े.................... । (सिलना)

प्रश्न 9- निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए – (2)

क – वह सोच रहा है। (भूतकाल)

ख - रमेश खा रहा है। (भविष्यत् काल)

प्रश्न 10- उचित मिलान कीजिए – (2)

क ?	कम समय के लिए रुकने के लिए चिह्न
ख ,	वाक्य समाप्त होने पर प्रयोग होने वाला चिह्न
ग ।	विस्मय प्रकट करने हेतु चिह्न
घ !	प्रश्न पूछने हेतु प्रयोग किया गया चिह्न

प्रश्न 11- शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिए – (2)

क- रमेश की वस्तु वहाँ पड़ी थी ।

ख- रमेश का वस्तु वहाँ पड़ा था ।

प्रश्न 12- दिए गए अनेक शब्दों के लिए वाक्यांश लिखिए – (2)

क- नीचे लिखा हुआ

ख- जिसकी कोई कीमत न हो

खंड – स

प्रश्न 14- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क- राजा किसी को भी दान क्यों नहीं देना चाहता था। (3)

ख- कौन कविता में बहुत से नुकसान गिन गए हैं । तुम्हारे हिसाब से इनमें से कौन सा नुकसान सबसे बड़ा है ? क्यों ? (3)

ग. धनी ने गांधी जी से सुबह के समय बात करना क्यों ठीक समझा होगा? (3)

घ- क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताइए । (3)

च - क्या फरीदा को पहिया कुर्सी के बारे में नहीं पूछना चाहिए था? तुम्हें क्या लगता है ? (4)

छ - हुदहुद को कहीं 'हजमिन' चिड़िया और कहीं पर 'पदुबया' के नाम से पुकारते हैं। क्यों ? (4)

ज- क्या भीकू भाई को नारियल सच में मुफ्त में मिला?क्यों ? (4)

प्रश्न 16- दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचिए- तथा उनका भेद लिखिए – (4)

क – राम अच्छा लड़का है ।

ख –माँ ने 40 किलो चावल खरीदे।

ग – मेरे घर एक पाक्षिक पत्रिका आती है ।

प्रश्न 17- दिए गए वाक्यों के आगे उनके काल का नाम लिखिए – (4)

क - मैं कल बाजार गया था ।

ख . राजू मेरे साथ पढ़ता है ।

ग . पापा कल दिल्ली जाएंगे।

द . वह जा रहा है ।

प्रश्न 18- दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिन्ह लगाइए- (3)

क- क्या तुम खाना खाओगे?

ख- राधा रामा और सीता खेल रही हैं

ग- अरे तुम कहाँ जा रहे हो

प्रश्न 19 - दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए - (3)

क- मेजा में किताब रखा है ।

ख – मेरे को पत्र लिखना आता है ।

ग –आज सोमवार का दिन है ।

प्रश्न 20 - दिए गए शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए - (3)

क – त्रैमासिक

ख – धार्मिक

ग- फलाहारी

खंड –द

प्रश्न 21- टी.सी. प्राप्त करने हेतु प्राचार्य जी को आवेदन पत्र लिखिए (5)

अथवा

होली की बधाई देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 22 - निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5)

क – पुस्तकालय

ख - मेहनत का फल

ग - पर्यावरण